**खबर संक्षेप**

## जनजातीय मंत्री से शिक्षक संघ ने की मुलाकात

शहडोल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी ने बताया कि संभाग मुख्यालय के सर्किट हाउस में जनजाति कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा ली गई विभागीय बैठक के दौरान मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष के नाते प्रतिनिधि के रूप में उच्च श्रेणी शिक्षक से व्याख्याता पद पर उच्च पदभार में संभाग के किसी भी शिक्षक का नाम नहीं होने के संबंध में चर्चा की गई , उनके संज्ञान में बात आने पर उनके द्वारा श्रीमती ऊषा अजय सिंह उपायुक्त आदिवासी विकास से संपूर्ण जानकारी एकत्र कर तत्काल मुख्यालय भोपाल से नाम जुड़वाने के संबंध में बात कही गई । मंत्री द्वारा कहा गया कि संभाग की मुखिया उपायुक्त को इस संबंध में ज्यादा जानकारी है, निश्चित रूप से सभी पत्रों का नाम जुड़ेगा, विजिलेंस रिपोर्ट सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शहडोल एवं उपायुक्त जनजाति कार्य विकास द्वारा भेजी जा चुकी है। भेजे गए ईमेल की हार्डकॉपी संगठन को उपलब्ध करवा दी जाएगी, जो यहां से पूर्व में भेज दी गई थी, मंत्री द्वारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष के नाते गले लगा कर अपनापन व्यक्त किया, चर्चा के दौरान विभागीय अधिकारियों के अलावा जिला मुख्यालय के सभी प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव सहित विभाग विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## मैदानी स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनाने होंगे प्रयासः सीएमएचओ

उमरिया। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगें, धरातल पर आमजन को शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जायेगा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में पदभार लेने के बाद डॉ. व्ही एस चंदेल ने कहा कि जिस इलाज के लिए गांव में अस्पताल का निर्माण किया गया है, वहां ग्रामीणों को अच्छा से अच्छा इलाज मिले, उन्होंने कहा कि जिस इलाज के लिए वहां रोगी जाता है, उसे वहां इलाज मिले अगर वह इलाज वहां नहीं मिल पा रहा है तो, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जायेगा, अगर आमजन को इलाज या किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो, ऐसी लापरवाही पर कड़ा रुख अख्तियार किया जायेगा। शासन से जो सुविधाएं जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध हैं, वह सुविधा मरीज तक पहुंचाने भी प्रयास होगें। इस अवसर पर जिला अस्पताल में पदस्थ समस्त डाक्टर, कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। डॉक्टर आर.के.मेहरा के जाने के बाद से सीएमएचओ डॉ. एस.बी.चौधरी थे।








## 13 जिलों में माता शबरी के नाम से रखा जाएगा कन्या शिक्षा परिसरों का नाम

# कोल समाज वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता हैः मुख्यमंत्री



**निपनिया में महाविद्यालय खोलने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा**

**बाणसागर परियोजना के सरसी आईलैण्ड में जल पर्यटन का किया जाएगा विकास**

हरिभूमि न्यूज, शहडोल, ब्यौहारी।

जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है, समाज ने देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है। जनजातीय समाज के अनेकों नायकों ने अपना बलिदान देकर जल, जंगल, जमीन एवं अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करके देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में जहां कोल जनजाति के लोग निवासरत हैं, जिनके पट्टे नहीं बने हैं, उनकी जांच कराकर पट्टा देने का कार्य करेगी। क्रांतिकारी देशभक्त जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुण्डा की पुण्य तिथि पर बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज शहडोल में उनकी प्रतिमा तथा बाणसागर जलाशय में बाणभट्ट की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जनजातीय समाज के बेटा, बेटियों की शिक्षा तथा कोचिंग का पूरा खर्च सरकार उठाएगी। प्रदेश के सभी संभागों में 24-24 करोड़ के लागत वाले 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएंगे । प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ब्यौहारी में आयोजित राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### तेजी से हो रहा देश का विकास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा हुआ है। उनके नेतृत्व में देश का मान एवं सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने समाज के सभी वर्गों के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखी है। तेजी से देश का विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के 4 मिशन गरीब, युवा,नारी एवं अन्नदाता के विकास के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ लोगों को पक्के आवास दिए गए हैं। जो लोग छूट गए हैं उनका भी सर्वे करके पक्के आवास देने का कार्य सरकार करेगी।

### रक्षा बंधन पर बहनों को मिलेगा उपहार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रक्षाबंधन में प्रदेश की लाडली बहनों को उपहार स्वरूप 250 रूपए सप्रेम दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातियों पर होने वाले झूठे प्रकरणों की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी स्कूली पाठ्क्रम में शामिल करने तथा 13 जिलों में कन्या शिक्षा परिसरों का नाम माता शबरी के नाम से रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलन, कन्या पूजन तथा भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल एवं ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद कोल ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा कोल जनजाति समाज के उत्थान के लिए अपनी बात रखी।

### विकास के लिए दी अनेक सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्यौहारी में आयोजित प्रदेश स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन में जिले के विकास के लिए अनेक सौगातें देने की घोषणा की। शहडोल नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 28 करोड़ रूपये, ग्राम पंचायत निपनिया में कॉलेज खोलने, सरसी आईलैण्ड में जल पर्यटन को विकसित करने, जयसिंहनगर तहसील के चरकी डोल से ओदारी नदी में 13 करोड़ रूपये की लागत से पुल का निर्माण करने, जिला सतना के रामपुर बघेलान तहसील के भगदेवरा किला का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले के मिनी ब्राजील ग्राम विचारपुर की 9 फुटबाल टीमों को 10 लाख रूपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश के बच्चे खूब खेले, आगे बढ़े दुनिया में नाम कमाएं। जिनकी सराहना देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पॉडकॉष्ट के माध्यम से विश्व पटल में की है। इसी तरह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले टीमों के सदस्यों को 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा की।

### मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को वितरित किया हितलाभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्यौहारी में आयोजित कोल जनजाति सम्मेलन में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। जिन हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया उनमें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीसीएल के लाभान्वित हितग्राही श्रीमती मुन्नी कोल, कैस क्रेंडिट लिमिट से लाभान्वित हितग्राही श्रीमती श्याम बाई कोल, निजी कस्टम हायरिंग योजना से लाभान्वित आशुतोष तिवारी पिता उत्तम तिवारी ग्राम देवरी जनपद पंचायत जयसिंहनगर को सांकेतिक चेक, लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभान्वित हितग्राही कुमारी श्रृष्टि कोला माता श्रीमती सुलोचना कोल, कुमारी मनिया कोल माता श्रीमती लक्ष्मी कोल, मेधावी छात्र-छात्राओं सहित अन्य हितग्राहियों को लाभ वितरित किया।

### विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्यौहारी में आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में 79.06 करोड़ रूपये की लागत से 55 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 244.09 करोड़ रूपये की लागत से 52 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिन विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया उनमें लोक निर्माण विभाग भवन संनिर्माण के 31.45 करोड़ रूपये की लागत से 6 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 22.64 करोड़ रुपए की लागत से 33 कार्य, मध्यप्रदेश पुलिस हॉउसिग बोर्ड कॉरपोरेशन का 10 करोड रुपए की लागत का 1 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण सडक़ विकास प्राधिकरण के 6 करोड़ रुपए की लागत से 10 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु हेतु 4.75 करोड़ रुपए की लागत से 1 कार्य, जनजातीय कार्य विभाग के 2.75 करोड़ रुपए की लागत का 1 कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का 1.47 करोड़ रुपए की लागत से 3 कार्य एवं अन्य कार्य शामिल है।

इसी प्रकार जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया उनमें लोक निर्माण विभाग भवन संनिर्माण का 121.92 करोड़ रुपए की लागत से 15 कार्य, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम का 94.49 करोड़ रुपए की लागत से 5 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण सडक़ विकास प्राधिकरण का 9.17 करोड़ रुपए की लागत से 8 कार्य, लोक निर्माण विभाग (भवन) का 7.69 करोड़ रुपए की लागत से 6 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का 7.06 करोड रुपए की लागत से 16 कार्य कार्य, लोक निर्माण विभाग (सेतु) का 3.29 करोड़ रुपए की लागत से 1 कार्य एवं मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड कार्पोरेशन का 0.47 करोड़ रुपए के 1 कार्य एवं अन्य कार्य शामिल है।



### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर उप मुख्यमत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण रामलाल रौतेल, सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, जिला पंचायत अध्यक्ष रीवा श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष सतना रामलेखावन कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष जबलपुर श्रीमती आशा मुकेश गौटिया, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण ब्रजलाल कोल, जनजातीय समाज के जनपद अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, समाजसेवी सहित काफी संख्या में जन मानस उपस्थित रहें।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मुर्दाबाद के लगे नारे

# सार्वजनिक बावली पर कब्जा करने का है आरोप




शहडोल।

भाजपा जिला अध्यक्ष व उनके परिवार पर सार्वजनिक बावली पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए बीते दिनों विरोध प्रदर्शन किया गया। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए गये, मार्च माह में भी भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगे थे, इस दौरान जिलाध्यक्ष ने सार्वजनिक बावली पर कब्जा के आरोपों को सिरे से खारिज करने के साथ ही सार्वजनिक रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष मुर्दाबाद के नारे लगाने का विरोध किया था, उन्होंने मामले की कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए जांच कर मुर्दाबाद के नारे लगाने वालों पर कार्रवाही की मांग की थी। साथ ही पार्टी को बदनाम करने का भी आरोप लगाते हुए खुद एक बयान जारी किया था।

### चपरा परिवार का बेजा कब्जा

महिलाओं व पुरूषों ने आरोप लगाया कि पौराणिक बावड़ी जो आस्था का प्रतीक है, उस करोड़ों की शासकीय भूमि पर जबरन तार फिनिंसिंग लगाकर भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा और उनके परिवार के द्वारा बेजा कब्जा किया है। किरन टॉकीज के पास एक पौराणिक बावली है। उक्त बावली को पिछले 2-3 वर्षों से चपरा परिवार द्वारा मलवा डालकर पाटा जा रहा था, जिसके संबंध में पूर्व में शिकायत की गई थी, 24 दिसम्बर 2021 को तत्कालीन एसडीएम द्वारा जांच उपरांत स्थगन आदेश जारी किया गया था तथा सौरभ चपरा एवं विकास चपरा को नोटिस भी जारी किया गया था, हालाकि इस मामले में यह भी चर्चा है कि यह मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है।

### सडक़ पर सनातनी भावनाएं

वार्डवासियों ने बताया कि उक्त आराजी पर होलिका दहन, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा झांकी विगत 77-78 वर्ष (वर्ष 1947) से लगातार स्थापित करते चले आ रहे हैं। उक्त शासकीय नजूल आराजी को भी तार फिनिसिंग से कब्जा किया गया है, जबकि उक्त भूमि को अपर आयुक्त शहडोल द्वारा मामला क्रमांक 23/निगरानी/ 13-14 आदेश दिनांक 28 फरवरी 2014 द्वारा म.प्र. शासन नजूल भूमि दर्ज करने का आदेश दिया था, किन्तु उक्त आराजी आज दिनांक तक चपरा परिवार के नाम से दर्ज अभिलेख चली आ रही है। कब्जा होने की स्थिति में होलिका दहन, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा जैसे हिन्दू धार्मिक त्यौहार यहां मनाने बंद हो जायेंगे। चपरा परिवार का यह कृत्य सनातनी भावनाओं को सडक़ पर ला रहा है, जिसे रोकने के लिए पूरा वार्ड प्रदेश सरकार से मांग कर रहा है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

उमरिया।

जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार रात एक दर्दनाक सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक पूरन लाल बैगा उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, मृतक पूरन लाल बैगा बड़ागांव का निवासी था और घटना के वक्त अपनी हार्डवेयर दुकान से काम कर लौट रहा था। जैसे ही वह कमला नर्सिंग होम के पास नेशनल हाईवे पर पहुंचा, तभी एमपी 18 जेडडी 1434 नंबर की एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पूरन की मौके पर ही मौत हो गई।

### चालक वाहन छोडक़र फरार

हादसे के बाद कार चालक वाहन वहीं छोडक़र फरार हो गया। सूचना मिलने पर बिरसिंहपुर पाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। सोमवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक पूरन अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है।




### कार नंबर से आरोपी तक पहुंचने की कोशिश

थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि कार की नंबर प्लेट के आधार पर रजिस्ट्रेशन डिटेल्स निकाली जा रही हैं और चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाइपास मार्ग पर वाहन बेहद तेज गति से चलते हैं और ट्रैफिक नियंत्रण के कोई ठोस उपाय नहीं हैं। आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला। लोगों ने स्पीड ब्रेकर और निगरानी कैमरे लगाने की मांग प्रशासन से की है।पुलिस ने मृतक के परिजनों को उचित सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है और कहा है कि आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। वहीं, पूरन की असामयिक मौत से उसके गांव में गहरा शोक व्याप्त है।

# कन्या स्कूल के सामने सज गई अंडा-मुर्गे की दुकान




शहडोल।

संभागीय मुख्यालय शहडोल के सोहागपुर कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल के सामने अण्डा-मुर्गा की दुकान फिर सज गई है, जबकि 10 दिन बाद फिर स्कूलें खुल जायेंगी, जहां सैकड़ों की संख्या में अध्ययनरत छात्राएं परेशान होंगी। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन आंख में पट्टी बांधकर मूकदर्शक बना हुआ है। सोहागपुर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 400 से अधिक बालिकाएं पढऩे आती हैं, जहां मेन गेट के सामने अतिक्रमण कर पहले भी दुकाने सजा ली गई थी, लेकिन जिला प्रशासन और नगर पालिका ने मिलकर अतिक्रमणकारी दुकानदारों को हटा दिया था, अब इन दिनों स्कूल की छुट्टी चल रही है। जिसके चलते स्कूल गेट के सामने फिर नाई, धोबी, अंडा, मुर्गा, तम्बाखू, गुटखा की दुकाने खुल गई हैं। जिसकी जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और नगर पालिका अधिकारी को फोन से दी गई हैं, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। दुकानें जस की तस सजी हुई हैं, जबकि कन्या स्कूल के सामने अतिक्रमणकर दुकानें लगाना नियम के तहत वर्जित है। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों को किसी प्रकार का डर व भय नहीं है। खुलेआम अण्डा-मुर्गा की दुकानें संचालित कर रहे हैं। आस-पास के लोगों के मना करने पर लड़ाई-झगड़े के लिए उतारू हो जाते हैं। जबकि इन दुकानों को लेकर स्थानीय लोग सहित अभिभावकों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल म.प्र.**

क्रमांक / न0पा0 / भण्डार / 2025-26 / 436 धनपुरी दिनांक :- 06/06/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 392-DATE-03-06-2025 2025_UAD_428426_1 | 33 KV Overhead Line Feeder at ward no 02 | 90 दिवस 247.22 लाख | 15000/- एवं 124000/- | 04.07.-2025 05:30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, धनपुरी
जिला-शहडोल (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार से लोगों को डरा रहा युवक चाकू सहित गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस ने आमाडांड OCM क्षेत्र के पास एक व्यक्ति को धारदार हथियार के साथ लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मो. रियास पिता मो. रज्जाक उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 लहसुई, थाना कोतमा आमाडांड OCM के समीप अपने पास रखे धारदार हथियार (चाकू) से राहगीरों व स्थानीय नागरिकों को डरा-धमका रहा था। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने आरोपी को हथियार सहित पकड़ा, और हथियार जप्त करते हुए हिरासत में लिया। आरोपी के विरुद्ध थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 154/25 धारा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गौरतलब है कि मो. रियास के विरुद्ध पूर्व में भी थाना कोतमा में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति उजागर होती है। पुलिस द्वारा आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

### 24 घंटे के अंदर युवती को पुलिस ने किया दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत 18 वर्षीय युवती के गुम होने के मामले में पुलिस ने पता तलाश करते हुए 24 घंटे के अंदर अनूपपुर से सकुशल दस्तयाब करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 9 कलमुंडी से युवती के बिना बताए गुम होने की शिकायत परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला के निर्देशन में पुलिस टीम बनाकर संभावित जगहों पर तलाश करने के दौरान अनूपपुर में होने की जानकारी मिलने पर जाकर दस्तयाब किया एवं कथन लेकर मां को सकुशल सौंपा गया।

### फरार स्थाई वारंटी को रामनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामनगर पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर द्वारा वर्ष 2014 से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण वर्ष 2014 का अपराध क्रमांक 1208/14 है, जिसमें आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज था। इस मामले में माननीय न्यायालय जेएमएफसी कोतमा द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सुभान कोल पिता जगन्नाथ कोल, उम्र 29 वर्ष, निवासी सीधी दफाई, राजनगर थाना रामनगर को आज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर विधिसम्मत प्रक्रिया पूर्ण करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी रामनगर उनि सुमित कौशिक, प्रधान आरक्षक श्याम शुक्ला तथा प्रधान आरक्षक राहुल प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रामनगर के पत्रकार बीएल सिंह को पितृ शोक

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद डोला, रामनगर क्षेत्र के अंतर्गत पत्रकार बी.एल. सिंह अनूपपुर के पिता स्वर्गीय श्री शिवराज सिंह चौहान (70 वर्ष) का रविवार सुबह 10 बजे लंबी बीमारी के बाद रामनगर स्थित निवास में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह वाराणसी के हरिशचंद्र घाट पर किया गया। स्वर्गीय शिवराज सिंह चौहान जी काफी समय से बीमारी से पीड़ित थे।जहां पर उनका उपचार चल रहा था। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया। इस मौके पर नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष, जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद यादव, राकेश पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल सिंह, नगर परिषद डोला अध्यक्ष पति सुरेश कोल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोला लखनलाल पनिका, संतोष तिवारी डोला, थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक, पार्षद पति महादेव, सुरेंद्र शर्मा ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## डामर के नाम पर नपा के जिम्मेदारों ने बनाया जुगाड़

# सड़क निर्माण में दिख रही तोमर की महिमा



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में टूटी हुई सडक़ पर डामर का लेप किया जा रहा है, नतीजा यह है कि बनते ही सडक़ पर फिर से गड्ढे हो रहे है, पहली बारिश में ही सडक़ निर्माण की हकीकत सामने आ जायेगी, हालाकि बीते दिनों डामर का लेप चुपडऩे के साथ ही गड्ढे और साइड सोल्डर टूट रहे है, मरम्मत के बाद भी लोगों को हिचकोले खाना पड़ रहा है। मिलीभगत के चलते ठेकेदार ने पूरा बजट चुपड़ कर रख दिया है। संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका में अंधेर नगरी चौपट राजा की तर्ज पर काम किया जा रहा है। इसका अंदाजा नगर की कोतवाली से बिजली आफिस वाली सडक़ को देखकर लगाया जा सकता है, सडक़ में हुए गड्ढों को खत्म करने के साथ ही नागरिकों को दुर्घटना से बचाने के लिए सीसी सडक़ के ऊपर डामर का लेपन किया जा रहा है, लेकिन इस लेपन बनते ही उखडऩे लगी है, आने वाले दिनों में बरसात शुरू हो जायेगी, जिसके बाद यह सडक़ उखड़ जायेगी, जिससे इस सडक़ पर आये दिन दुर्घटना होगी, जिससे लोग अनावश्यक रूप से परेशान होंगे। इस घटिया निर्माण को नगर पालिका का तकनीकी अमला पूरी छूट दिये है।

### डामर लेपन में खेल

नगर पालिका के कारिंदो ने खुद का जुगाड़ बनाने के लिए कोतवाली से बिजली विभाग की सडक़ को दुरूस्त करने के लिए योजना बनाई और संभवतः 4 लाख 80 हजार रूपये से उक्त सडक़ का ठेका शिव महिमा कंस्ट्रक्शन को दे दिया गया है, स्थानीय लोगों ने ठेकेदार की लापवाही की शिकायत तकनीकी अमले से सडक़ पर डामर लेपन के दौरान की, लेकिन, नपा के कर्णधारों के कानों पर जू तक नही रेंग रही है। इस बारे मे नगर पालिका के जवाबदारों से पूछने पर एक-दूसरे का बोलकर जवाब देने से बचते नजर आ रहे हैं। वर्तमान में 280 मीटर की सडक़ को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है, ठेकेदार ने किस तरह का डामर लेपन सडक़ पर किया है।

### शिव के नाम पर तोमर की महिमा

बीते दिनों नगर पालिका क्षेत्र के कोतवाली से बिजली ऑफिस तक डामर डालकर कोरमपूर्ति का खेल किया गया है, लेकिन निर्माण के दौरान नगर पालिका इंजीनियर निर्माणाधीन सडक़ का मौका मुआयना करने तक नहीं गये, जबकि विभाग की जिम्मेदारी है कि मापदंड के अनुरूप मानिटरिंग करके निर्माण को पूरा कराया जाए। जानकारों की माने तो सीसी सडक़ के ऊपर डामर का लेपन ज्यादा दिन नहीं चलेगा, कुल मिलाकर नगर पालिका के तकनीकी अमले ने ठेकेदार के साथ मिलकर गुणवत्ता से समझौता किया है, नियमों के तहत सडक़ पर अच्छी तरह झाड़ू लगाकर सफाई आवश्यक है, सफाई के बाद ही डामर और गिट्टी डालकर मरम्मत की जानी चाहिए, लेकिन जो खेल बीते दिनों सडक़ निर्माण में ठेकेदार द्वारा किया गया है, आने वाले दिनों में तोमर जी की महिमा सडक़ पर दिखेगी।



### जनप्रतिनिधियों ने भी साधी चुप्पी

कोतवाली से बिजली ऑफिस तक सडक़ पर मानक के अनुरूप कार्य नहीं हुआ हैं, मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गई है। इससे मरम्मत के साथ ही सडक़ उखडऩे लग रही हैं, जबकि सडक़ की मरम्मत के लिए ठेकेदार को लाखों रुपये जारी किए गए हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे इस गोलमाल के खेल को जनप्रतिनिधि भी देख रहे हैं, फिर भी कोई रोकटोक नहीं कर रहे हैं। ठेका मिलने पर ठेकेदार ने कार्य शुरू करा दिया, लेकिन जिस मानक के अनुरूप सडक़ की मरम्मत होनी चाहिए, उस तरह से कार्य नहीं किया गया हैं, ऐसे में लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद आने वाले दिनों में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ेगा।

### इनका कहना है...

सडक़ निर्माण मरम्मत में क्या हो रहा है, मैं दिखवाता हूं।
**सुखेन्द्र सिंह तोमर**
**उपयंत्री**
**नगर पालिका शहडोल**

मैं इंजीनियर से बात करके दिखवाता हूं।
**अक्षत बुंदेला**
**सीएमओ**




# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत करें निराकरण

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में समीक्षा बैठक संपन्न



**उमरिया।** रेंज ताला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में व्यापक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सागर सर्कल, शहडोल सर्कल, रीवा सर्कल, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व संजय टाइगर रिजर्व, सामाजिक वानिकी, वन विकास निगम और कार्य योजना के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विभागों को आवंटित कार्य की समीक्षा,सुरक्षा उपायों और रणनीतियों की समीक्षा वन्यजीव संरक्षण गतिविधियों की समीक्षा, सतत वन प्रबंधन के लिए सहयोगात्मक प्रयास पर चर्चा की गई। बैठक में असीम श्रीवास्तव पीसीसीएफ एंड (एच ओ एफ एफ) ,वी.एन. अम्बाडे, पी सी सी एफ एन्ड एम डी (एम पी एफ डी सी) एच.यू. खान,पी सी सी एफ (सी ए एम पी ए) विभाष कुमार ठाकुर, पी सी सी एफ एन्ड एम डी ( एम आर एफ फेडरेशन )विवेक जैन, पी सी सी एफ शुभ्रंजन सेन, पी सी सी एफ (डब्ल्यू एल)सुदीप सिंह, पी सी सी एफ (डी ई वही ) पुरुषोत्तम धीमान, पी सी सी एफ (ग्रीन इंडिया मिशन ) डॉ. समीता राजौरा, पी सी सी एफ (एच आर डी ) मनोज अग्रवाल, पी सी सी एफ (प्रोटेक्शन )मोहन लाल मीना, पी सी सी एफ (प्रोजेक्ट) बी.एस. अन्नीगेरि, ए पी सी सी एफ ( आई टी) सुश्री कमलिका मोहन्ता, ए पी सी सी एफ ,अजय कुमार यादव, ए पी सी सी एफ (विजिलेंस) एच.एस. मोहन्ता, ए पी सी सी एफ ( लैंड मैनजेमेंट) उपस्थित रहे।बैठक के दौरान, सागर, शहडोल और रीवा के सर्कल प्रभारी द्वारा पी पी टी में प्रस्तुतियाँ दी गईं, जबकि बांधवगढ़ और संजय टाइगर रिजर्व के लिए क्षेत्र संचालकों और उप संचालकों ने प्रस्तुतियाँ दीं। वरिष्ठ वन अधिकारियों ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश और निर्देश प्रदान किए, बैठक का उद्देश्य प्रगति का आकलन करना, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना और भाग लेने वाले विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना था। चर्चा ने वन्यजीव संरक्षण और वन प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करने और साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया।

### प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस पर गर्भवती माताओं की जांच

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न चिन्हित स्वथ्य संस्थाओं में सभी गर्भवती महिलाओं की डॉ द्वारा जांच की गई जिसमें उनका वजन, शारीरिक जांच खून की विभिन्न जांचे तथा दवाइयां उपलब्ध कराई गई,इसमें उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उप पर विशेष निगरानी रखी जानी है ताकि उनकी डिलीवरी के समय किसी प्रकार की समस्या न हो व उनका सुरक्षित प्रसव हो सके।माता व बच्चे की जान बचाई जा सके।आशा कार्यकर्ता द्वारा ग्राम से गर्भवती महिलाओं को संस्थाओ तक लाया गया जहाँ उनकी डॉ द्वारा जांच कर उपचार प्रदान कराया गया।



### सडक़ के किनारे लग रही सब्जी मंडी को हटाने के निर्देश

**उमरिया।** साप्तासहिक बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को निर्देशित किया है कि नगर में सडको के किनारे लग रही सब्जी दुकानो को हटाने की कार्यवाही की जाए तथा उन्हें निर्धारित स्थान पर लगाने की समझाईश दी जाए । उन्होंने कहा कि सडक पर सब्जी विक्रेता के दुकान लगा लेने पर आवागमन बाधित होता है, साथ ही दुर्घटना की भी आशंक बनी रहती है। उन्होंने एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज को भी सडक के किनारे लग रही सब्जी मंडी का भ्रमण करते हुए उन्हो हटवाने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित समस्ति जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### शासन की प्राथमिकता वाले कार्यो को समय सीमा में निराकरण करें: कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यो में रूचि लेते हुए समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए । बैठक में कलेक्ट र ने समग्र ई केवायसी, फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की । उन्होने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित समस्?त जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### नदियों के पास हुए अतिक्रमण को तत्काल हटायें: कलेक्टर

**उमरिया।** समय सीमा की साप्तानहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने एसडीएम बांधवगढ पाली तथा मानपुर से कहा है कि नदियो के आस पास हो रहे अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए उसे तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाए। इस कार्य को प्राथमिकता से किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित समस्ति जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र उमरिया द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कलस्टर रूट चार्ट अनुसार पंचायतों में अभियान कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेती की उन्नत तकनीक, नवीन किस्म के बीज, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, खेतों की मिट्टी परीक्षण उन्नत कृषियंत्र आदि से संबंधित कार्यक्रम के दौरान कृषकों को जानकारी दी जा रही है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री संग्राम सिंह मरावी कार्यक्रमों में उपस्थित होकर विकसित कृषि संकल्प अभियान से संबंधित जानकारी प्रदाय की जा रही है।

# ईमानदारी, सेवा और सादगी की मिसाल थे विपिन कुमार, अब स्मृतियों में अमर रहेंगे

### सामाजिक समरसता और हर वर्ग के लिए था समान दृष्टिकोण

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** SECL के जमुना-कोतमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित आमाडाड़ खुली खदान परियोजना में पदस्थ सब एरिया मैनेजर विपिन कुमार का आकस्मिक निधन हो गया। यह खबर जैसे ही पूरे कोतमा क्षेत्र में पहुंची, वहाँ एक गहरे दुख और शोक की लहर दौड़ गई। SECL के अधिकारी वर्ग, कर्मचारीगण, ग्रामीण समाज और प्रभावित किसान समुदाय के लोग अत्यंत व्यथित हो गए। वे केवल एक अधिकारी नहीं थे, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा, एक मसीहा, और एक आत्मीय साथी थे।

### विपिन कुमार: एक निष्ठावान और समर्पित अधिकारी

विपिन कुमार ने अपनी सेवा यात्रा की शुरुआत एक सामान्य सरकारी अधिकारी के रूप में की थी, लेकिन समय के साथ उनका व्यक्तित्व, उनके कार्य करने का तरीका और उनके व्यवहार ने उन्हें एक आदर्श अधिकारी और सच्चे जनसेवक के रूप में स्थापित कर दिया। उन्होंने कभी भी अपने पद को सिर्फ एक नौकरशाह की कुर्सी नहीं माना, बल्कि इसे जनता की सेवा का एक पवित्र कर्तव्य समझा। उनकी जीवनशैली में सादगी, व्यवहार में विनम्रता और निर्णयों में पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखती थी। विपिन कुमार की यही विशेषताएं उन्हें दूसरों से अलग बनाती थीं। उन्होंने न केवल अपने काम को ईमानदारी से निभाया, बल्कि हमेशा हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बने। चाहे कोई किसान अपनी जमीन के मुआवजे के लिए आए, कोई मजदूर अपनी समस्याएं लेकर आए या कोई कर्मचारी पारिवारिक संकट में हो, विपिन कुमार हर बार मदद के लिए तत्पर रहते थे।



### जनता के बीच एक अपनापन

जहां आमतौर पर अधिकारीगण अपने कक्षों में बंद रहकर काम करते हैं, विपिन कुमार जी ने हर समय क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर उनके दुख-दर्द को समझा और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहे। आमाडाड़ के आसपास के गांवों के लोग आज भी याद करते हैं कि विपिन के पास उनकी हर समस्या का समाधान था। उनकी सादगी और सरलता ने उन्हें जनता के दिलों में "विपिन बाबू" के नाम से एक प्यारे व्यक्ति के रूप में स्थापित किया। किसान हो, मजदूर हो या फिर कर्मचारी, सभी के लिए वे एक भरोसेमंद सहारा थे। वे न केवल अधिकारिक तौर पर बल्कि मानवीय दृष्टि से भी हर समस्या का समाधान निकालते। इसीलिए उनका आकस्मिक निधन केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### सामाजिक समरसता और हर वर्ग के लिए समान दृष्टिकोण

विपिन कुमार ने कभी भी वर्ग, जाति या पंथ के आधार पर भेदभाव नहीं किया। उनका दृष्टिकोण हर किसी के प्रति समान था। उन्होंने हर व्यक्ति को बराबर का सम्मान दिया और हर समस्या को गंभीरता से लिया। इससे उनका प्रभाव क्षेत्र बहुत व्यापक था। वे केवल एक अधिकारी नहीं थे, बल्कि एक सामाजिक नेता की तरह भी कार्य करते थे। उनके निधन के बाद आमाडाड़ और आसपास के कई गांवों में शोक के कारण चूल्हा तक नहीं जला। यह स्थिति उनकी गहरी छवि और सामाजिक जुड़ाव का प्रमाण है। लोगों के दिलों में वे इतने बस गए थे कि उनकी याद में गांवों में गम का माहौल छा गया।

### परिवार के प्रति समर्पण और संतुलन

व्यक्तिगत जीवन में भी विपिन कुमार अपने परिवार के प्रति अत्यंत समर्पित थे। वे अपने कर्तव्यों को तो निभाते ही थे, साथ ही परिवार के लिए भी समय निकालते थे। उनके परिवार में सदैव प्रेम और समझ का वातावरण रहा। परंतु, अचानक उनके जाने से परिवार पर गहरा सदमा पहुंचा है। उनकी अनुपस्थिति को परिवार के लोग आज भी सह नहीं पा रहे हैं। SECL आमाडाड़ परियोजना ने न केवल एक अनुभवी, समर्पित और निष्ठावान अधिकारी को खोया है, बल्कि एक ऐसा व्यक्तित्व खोया है जो अपने पीछे सेवा, समर्पण और इंसानियत की एक प्रेरणादायक विरासत छोड़ गया। उनके जैसे अधिकारी और इंसान दुर्लभ होते हैं, और उनकी जगह कोई पूरी तरह से नहीं भर सकता। उनकी यादें, उनका कार्य और उनका व्यवहार सदैव हमारे दिलों में जिंदा रहेगा। वे हमें प्रेरणा देते रहेंगे कि कैसे निष्ठा, सेवा और सादगी के साथ जीवन जिया जा सकता है। ईश्वर से हम यही प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को परम शांति प्रदान करें। साथ ही उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति, धैर्य और साहस प्रदान करें। कुछ लोग इस दुनिया से चले जाते हैं, परन्तु उनकी छवि और आदर्श हृदय में अमिट होकर रह जाते हैं। विपिन कुमार भी ऐसे ही अमिट व्यक्तित्व थे, जो सदैव हमारे बीच रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### वाहनों की बैटरी चोरी करने वाला पकड़ाया

**कटनी।** बाकल पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बाकल में अज्ञात चोरो द्वारा वाहनो की 02 बैटरी कीमती 13400/- रूपये चोरी करके ले जाने की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर चोरो की तलाश के लिए टीम बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। संदेही आरोपी मनीष पटेल पिता भिल्ली उर्फ रामनाथ पटेल उम्र 19 साल निवासी बाकल थाना बाकल से पूछताछ करने पर उसने 02 बैटरी कीमती 13400/- रूपये की चोरी करना बताया। उक्त आरोपी ने बताया की उसका एक साथी एक अन्य वाहन की बैटरी चुरा कर फरार हो गया है। प्रकरण के एक अन्य फरार आरोपी की धर-पकड़ जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, उनि बीएल ठाकुर, प्रआर. अवधेश मिश्रा, प्रआर शिवसिंह, आर. सूरलाल, आर. अंकित, सैनिक अशोक तिवारी की भूमिका रही।

### सीएमएचओ का दमोह किया गया तबादला

**कटनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश अठया को कटनी से हटाकर दमोह स्थानांतरित कर दिया गया है। उनकी जगह पर जिला अस्पताल में ही पदस्थ जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी को सीएमएचओ का पदभार दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिन पूर्व में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलराज अमर सिंह द्वारा प्रदेश के स्वास्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ल से सीएमएचओ राजेश अठया  कि लिखित शिकायत दी गई थी जिसके बाद उनका तबादला कर दिया गया।

### विभिन्न वार्डों में कराया जा रहा रासायनिक धुएँ का छिड़काव

**कटनी।** शहर में संचारी रोगों की रोकथाम के हेतु  कटनी नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा विशेष फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत शनिवार को वार्ड क्रमांक 23 एवं 24 में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गलियों में फॉगिंग की गई। मच्छरों के आतंक को रोकने के लिए शनिवार निगम के दो वार्ड 23 एवं 24 में सघन अभियान चलाया गया।जिनमें पाठक गली, प्यासी चौक, पुरवार पुतली धम गली, खटकानी गली, नगर निगम गली, मीट मार्केट मैदान, कच्छवाहा गली, बर्मन माहौल, सुखन चोक,आजाद चौक, भूरा पहलवान गली, मिशन चौक सहित अन्य स्थानों में फॉगिंग मशीन से रासायनिक धुएँ का छिड़काव किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम करना है। फॉगिंग से मच्छरों के प्रजनन पर अंकुश लगेगा।यह कदम आगामी मौसम में होने वाली संचारी बीमारियों की रोकथाम में मददगार साबित होगा।

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 को

**कटनी।** जिला स्तेरीय संयुक्तत परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बैठक के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारियों की लंबी शर्तों के भुगतान के निराकरण पदोन्न ति क्रमोन्निति और समयमान वेतनमान के आदेश जारी होने की स्थिति सामान्य  भविष्यठ निधि खाते से आहरण की जानकारी, डुप्ली केट सेवा पुस्तिकाश, सामान्या भविष्यध निधि पासबुक और डी.पी.एफ. पासबुक का संधारण, अंशदायिक पेन्शिन योजना 2005 के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों के अद्यतन करने सहित अन्यभ मामलों की समीक्षा की जाएगी।

# बुढार, धनपुरी मार्ग पर सीएमओ की पहल से जर्जर सड़क पर अब चलना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज, बुढार।

लम्बे समय से धनपुरी मार्ग पर अनेक स्थानों पर बड़े बड़े गट्ठे निर्मित हो गये और आऐ दिनों सड़क दुघर्टना में इजाफा हो रहा था जिसके निर्माण के लिए वार्ड वासियों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग करते रहें और अंतह सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।

बालबाडी स्कूल से अटल द्वार तक जगह जगह बड़े बड़े गट्ठे सड़क की दोनों ओर हो गये थें जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था नगर वासियों की ईक्षानुसार निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जों अटल द्वार से लोहिया चौंक तक के गट्ठे को अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाया जायेगा जों आने वाले समय लम्बी अवधि तक चले।

निर्माण कार्य का जायजा लेने नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी एवं प्रभारी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने निरीक्षण कर ठोस कदम उठाया है जिसकी प्रशंसा नगर वासियों ने की है।





## लुका छिपी एवं रिमझिम बारिश में ही निकल गए बादल, मानसून सक्रिय होने में देर

# मौसम साफ होने के बाद अब नौतपा से भी ज्यादा झुलसा रही तल्ख किरणें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इस बार नौतपा में इतनी गर्मी नहीं हुई जितनी की वर्तमान समय में हो रही है। नौतपा के दौरान आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही जिससे अधिक गर्मी का सामना नहीं करना पड़ा। अब जब नौतपा समाप्त हो चुके हैं और मौसम भी साफ हो चुका है ऐसे में सूर्य की तल्ख किरणें झुलसा रही है। गर्म हवाओं के थपेड़ों की वजह से दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। अधिक गर्मी की वजह से मौसमी बीमारियां भी पैर पसार रहीं हैं। चिलचिलाती धूप के कारण सड़कों पर अपने जरुरी काम निबटाने निकले लोग धूप में बेहाल नजर आ रहे हैं। मौसम के मिजाज का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। तेज धूप के कारण इन दिनों दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप इतनी तेज पड़ रही है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग टोपी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी से आम जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है,




### बचाव के लिए करें ये उपाए

डाक्टरों ने जिले के आमजन को अवगत कराया गया है कि माह मार्च से जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी व उपाय बरतें। गर्मी के मौसम में प्रायः हीट रैशेस, डीहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक की स्थिति निर्मित हो सकती है। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि गर्मी में घर से बाहर निकलते समय सिर को गमछे या तौलिये से ढंककर ही निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें, ढीले सूती कपडे. पहनें। इसके साथ ही हमेशा पानी तथा तरल पेय पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करें।

### बच्चों व वृद्धजनों को धूप से बचाये

बाहर जाते समय अपने साथ हमेशा पानी रखें, गर्मी के मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। साथ ही बच्चों को अत्यधिक गर्मी महसूस होने पर घर के अंदर आने की सीख दें। बुजुर्ग व्यक्ति धूप में बाहर न निकलें। इन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिये प्रेरित करें।

### इन उपायों को अपनाएं

चिकित्सकों  ने सलाह में बताया कि गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। अत्यधिक गर्मी होने पर ज्यादा व्यायाम से बचें, क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो, तभी व्यायाम किया जाना चाहिए। लू लगने पर तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, गर्म लाल सूखी त्वचा, शरीर का तापमान अधिक होना, उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी व ऐंठन, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना जैसे लक्षण प्रतीत होते हैं। लू से प्रभावित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के तौर पर तुरंत छायादार जगह पर लिटाकर हवा करें, ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चे आम का शरबत आदि देना चाहिए। अधिक समस्या होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार कराना चाहिये।



# शराब पीकर वाहन चलाने पर चार बाइकें किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार अमरपुर रोड बस स्टैंड बरही में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया जिसमें 20वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से चैक किया गया जिसमे 4 मोटर सायकिल वाहन क्रमांक MP-21-MK-7458 एवं MP-18-A-5572 एवं एक बिना नंबर की होंडा शाइन एवं चौकी खितौली में MP19MZ 4899HF डीलक्स के वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण पर वाहन चालक शराब के नशे में पाये गए।

### न्यायालय में किया पेश

शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर चारों मोटर साइकिल मौके पर जप्त कर उक्त चारों वाहन चालकों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरही कटनी से मुलाहिजा परीक्षण भी कराया गया धारा 185 मोटर व्हीकल के तहत वैधानिक कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय पेश किया जावेगा ।

# नल-जल योजना से लाखों लीटर पानी बर्बाद, ऑपरेटर की लापरवाही उजागर



हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी ।

समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकोमटा में नल-जल योजना से निर्मित टैंक से रविवार को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार पानी बहता रहा। इस लापरवाही के कारण आसपास के खेतों में पानी भर गया ।

ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना में कार्यरत ऑपरेटर की लापरवाही से यह स्थिति अक्सर उत्पन्न होती है। टंकी की क्षमता से अधिक पानी भरने के कारण वह ओवरफ्लो होकर व्यर्थ बहता रहता है। ऑपरेटर मोटर चालू कर समय पर बंद नहीं करता, जिससे प्रतिदिन लाखों लीटर पानी बेकार चला जाता है।वहीं दूसरी ओर शासन जल संरक्षण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर विभिन्न योजनाएं चला रहा है। बांध और डेम का निर्माण कर पानी रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन नल-जल योजना की इस तरह की लापरवाह व्यवस्था से शासन की मंशा को झटका लग रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थिति की कई बार शिकायत संबंधित जिम्मेदारों से की गई है, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। इस अनदेखी से क्षेत्र में पानी संकट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।ग्रामीणों की मांग है कि नल-जल योजना में सुधार लाया जाए और जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

### हर रविवार पौधारोपण कर रहे बरगांव के युवा, बन रहे क्षेत्र में प्रेरणा

**डिंडौरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर डिण्डौरी जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरगांव स्थित पंकेश्वर धाम वाटिका में युवाओं ने एक प्रेरणादायी पहल करते हुए पौधारोपण महाअभियान चलाया। इस दौरान नींबू और पारिजात के पौधे रोपे गए। युवाओं ने कहा कि आज पर्यावरण को बचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लगातार बढ़ते प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण आज हर व्यक्ति को इस दिशा में छोटे-छोटे कदम उठाने की आवश्यकता है। इसी सोच के साथ युवाओं की यह टीम बीते तीन-चार वर्षों से हर रविवार और अन्य शुभ अवसरों पर नियमित रूप से पौधारोपण करती आ रही है। खास बात यह है कि ये युवा केवल पौधे लगाकर रुक नहीं जाते, बल्कि उनकी समुचित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण का जिम्मा भी स्वयं उठाते हैं। ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरियाली से भरपूर वातावरण मिल सके।

# नंदन फलोद्यान योजना का लाभ लेकर किसान कर रहे दोगुनी आय अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन द्वारा द्वारा ग्रामीण किसानों की आय बढाने के लिये अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्ही योजनाओं में से एक योजना मनरेगा (महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना) के तहत नंदन फलोद्यान उपयोजना सर्व प्रिय बनी हुई है। जिसके तहत ग्रामीण अपनी मुख्य फसल के साथ ही अन्य फसलें एवं बागवानी फसलों से आय बढा सकते हैं। इसी नंदन फलोद्यान उपयोजना के माध्यम से जनपद पंचायत रीठी क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण किसानों को लांभावित किया जा रहा हैं। योजना के तहत केशरी सिंह पिता बान सिंह निवासी ग्राम पंचायत  वसुधा ने आम और अमरुद का पौधा रोपण कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं।जनपद पंचायत रीठी एवं ग्राम पंचायत वसुधा के सचिव जमील खान से केशरी सिंह को नंदन फलोद्यान योजना की जानकारी मिली थी। बस फिर क्या था, केशरी ने अपने खेत के मेंढ़ों में आम ,अमरूद, के 100 पौधे लगाये। हाईब्रिड प्रजाति के अमरूद के लगायें गये पौधे पिछले साल से ही फल देने लगे थे।उनकी जमीन में सिंचाई का साधन भी है। इसलिए वे खेत में परंपरागत गेहूं,धान की खेती के साथ- साथ सब्जियों जैसे भिंडी,प्याज, टमाटर,अदरक के साथ ही पपीता के भी पौधे लगाए थे। बीते साल केशरी ने रीठी के बाजार में अच्छी कीमत में  अमरुद भी बेचे थे। अब आम के पेड़ , आम के फलों से  लदे हुए हैं।

# नैतिक मूल्यों के हास से देश का हो रहा पतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के  नेतृत्व में माउंट आबू स्थित मुख्यालय में अखिल भारतीय साधु संत महासम्मेलन में कटनी के विलायत कला  से वीरेंद्र तिवारी त्यागीजी महाराज, पुष्पेंद्र महाराज, लक्ष्मी नारायण मंदिर के पंडित निलेश पाठक, विजय शुक्ला ने सहभागिता की ।

कार्यक्रम आयोजित कराने का उद्देश्य बताते हुए आयोजको के कहा कि प्राचीन काल से भारत में धर्म सत्ता को ऊंचा स्थान दिया गया है धर्म गुरुओं की समाज के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जीवन में अहम भूमिका थी । वे समाज के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का स्त्रोत थे । परंतु समय के परिवर्तन और नैतिक मूल्यों की हास के  कारण भारत का पतन हुआ है ।

### प्रत्यक्ष दिख रहे हैं लक्षण

आज देश में हिंसा भ्रष्टाचार और अति धर्म ग्लानि के सभी लक्षण प्रत्यक्ष है भारत में पुनः वही अहिंसा परमोधर्मः युक्त राम-राज्य लाने में धर्म नेताओं की मौलिक भूमिका है । किसी भी समाज के उत्थान का आधार है धर्म निष्ठा और आध्यात्मिक सशक्तिकरण आत्मा और परमात्मा की सही पहचान और गुणो एवं आध्यात्मिक शक्तियों से स्वयं को समर्थ बनकर ही काम क्रोध आदि मनोविकारों और उनसे उत्पन्न होने वाली सामाजिक कुरीतियों पर विजय पाई जा सकती है। सम्मेलन का उद्देश्य परमपिता परमात्मा शिव द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के माध्यम से दिए गए बहुमूल्य गीता ज्ञान रूपी श्रीमद् को संतो विद्वानों एवं विचाराको के द्वारा जनमानस पहुंचना है।

## अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप बताई समस्या

# स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर के नहीं आने से आक्रोश, मरीजों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी और शासकीय डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर सिलौड़ी क्षेत्र में जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है। जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि और युवक कांग्रेस सिलौड़ी मंडल अध्यक्ष पंडित रवि अवस्थी ने शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौड़ी में पदस्थ शासकीय चिकित्सक डॉ. विकास सिसोदिया को सप्ताह में कम से कम तीन दिवस नियमित रूप से सेवा देने के लिए निर्देशित किया जाए।

रवि अवस्थी ने बताया कि डॉ. सिसोदिया की औपचारिक नियुक्ति सिलौड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई है, परंतु उनकी नियमित अनुपस्थिति के कारण स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की अनुपलब्धता की वजह से मरीजों को इलाज के लिए या तो कटनी या जबलपुर जाना पड़ता है या फिर झोला छाप डॉक्टर पर निर्भर रहना पड़ता है। क्षेत्र में अनेक दबंग झोला छाप डॉक्टर है जिनके परिजन सत्ता धारी पार्टी के वरिष्ठ नेता है । गरीबों मरीजों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।

### सिर्फ नाम का अस्पताल

ज्ञापन में रवि अवस्थी ने उल्लेख किया कि लंबे समय से सिलौड़ी स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम का बना हुआ है। इलाज के लिए आने वाले मरीजों को न तो समय पर डॉक्टर मिल पाते हैं, न ही दवाइयां या उपचार की अन्य जरूरी सुविधाएं। इस स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति इतनी दयनीय है कि ग्रामीण जन इसे केवल भवन कहकर पुकारने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बात करती हैं, तो उसका असली मूल्यांकन तब होता है जब इन सेवाओं का सही संचालन हो।

उन्होंने यह भी बताया कि डॉक्टर विकास सिसोदिया की अनुपस्थिति से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को निजी वाहनों से जबलपुर ले जाना पड़ता है ।

रवि अवस्थी ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र ही डॉ. सिसोदिया की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं करता है, तो युवक कांग्रेस जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने इस विषय को लेकर आगामी दिनों में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने की बात भी कही।

उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन इस गंभीर जनसमस्या को समझेगा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौड़ी में चिकित्सक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराएगा, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवा का मूल अधिकार प्राप्त हो सके।

### शहर से लेकर गांव तक धड़ल्ले से हो रहा उपयोग

# सिर्फ नाम का पालीथीन पर प्रतिबंध

### कुछ दुकानों पर कार्रवाई कर जिम्मेदार कर रहे औपचारिकता पूरी

**शासन द्वारा पूरे प्रदेश में अमानक पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी जिले में अभी तक इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं और न ही कोई कार्यवाही की जा रही है। साथ ही इस ओर जिम्मेदार अधिकारी अमानक पॉलीथिन के प्रति सजग नहीं दिख रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





जिले भर में हर जगह पॉलीथीन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। नगर से लेकर गांवों के किराना, होटल, सब्जी व्यापारी सहित फलों के ठेले वाले भी 40 माइक्रॉन से कम मोटाई वाली सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं।

#### नहीं हो रही कार्यवाही

बीते समय शासन द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को आदेश जारी किया गया था। जिसमें सभी को अपने-अपने क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादन, भंडारण, परिवहन, विक्रय और उपयोग पर पूर्णतारू प्रतिबंधित करना और कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई सिफर रही, जिससे शहर के साथ-साथ पूरे जिले भर में छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ दुकानदार भी भारी मात्रा में अमानक पॉलीथिन का भंडारण किए हुए हैं। जो आने वाले ग्राहकों को परोस रहे हैं। पॉलीथीन के बढ़ते चलन से जहां प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं बेजुबानों की जिंदगी भी खतरे में है।

#### प्रतिबंध के आदेश धरातल पर लागू नहीं

देशभर में 50 माइक्रोन से कम मोटाई की पॉलिथीन बैग 19 प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण व उपयोग पर प्रतिबंध है। नियम का पालन न करने वालों को आईपीसी की धारा 133 (बी) के तहत सजा मिल सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी गंभीरता नहीं बरती गई है। धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक और तय मानकों से कम के कैरी बैग का उपयोग हो रहा है। खास बात यह है कि निकाय स्तर पर गठित टीमों ने महज गिनती के व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की खानापूर्ति किए थे। इसके बाद भी रोजाना बाजारों में करीब 4 से 5 क्विंटल प्लास्टिक का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है।

#### कुछ दुकानों पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी

शहर को प्रतिबंधित पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री करने की जिम्मेदारी निकायों पर है। इसके परिपालन के लिए निकायों ने अलग-अलग टीम गठित कर रखी है, लेकिन उनकी कार्रवाइयां कुछ विक्रेताओं तक सीमित रहती है। हालांकि कभी कभार पालिका अधिकारी-कर्मचारियों की टीम कार्रवाई के लिए सब्जी मंडी, दूध दुकान, किनारा स्टोर समेत अन्य जगहों पर औपचारिकता पूरी करते देखे जा सकते हैं।

#### जागरूकता की कमी

शहर को जीरो पॉलीथिन सिटी बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन पिछले कई वर्षों से प्रयास कर रही है। देश प्रदेश में भी पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा हुआ है।बावजूद इसके पॉलीथिन का इस्तेमाल न होने के स्थान पर क्षेत्र में बढ़ रहा है। शहर को क्लीन एंड ग्रीन बनाने के लिए लोगों ने भी कोई प्रयास अभी तक नहीं किए हैं। कई संगठन और समाजसेवी केवल विशेष दिनों में हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान की औपचारिकता निभाते हैं। जब तक नगर व क्षेत्र के लोग स्वयं इस दिशा में आगे आकर काम नहीं करेंगे, तब तक नगर को क्लीन एंड ग्रीन प्लास्टिक मुक्त नहीं बनाया जा सकता है।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम

पॉलीथिन बैग सड़ने-गलने वाली चीज नहीं है। अगर इसे जमीन में गाड़ते हैं तो यह नष्ट नहीं होगा। जलाने पर धुआं वातावरण को प्रदूषित करेगा। पॉलीथिन से नालियां जाम हो जाती हैं, नाली का पानी सड़क पर बहता है। पॉलीथिन पानी को भूमिगत होने से रोकती है। पॉलीथिन को मवेशी खाते हैं, जिसकी वजह से इनकी जान पर बन आती है। कई बार सर्जरी करके गाय के पेट से बड़ी मात्रा में पॉलीथिन निकाली गई है।



## अनूपपुर में इस्कॉन पहली बार आयोजित करेगा जगन्नाथ रथ यात्रा

### शिव मारुति मंदिर प्रारंभ होकर उत्कृष्ट विद्यालय में होगा समापन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** इस्कॉन अनूपपुर केंद्र के प्रभारी चैतन्य मनोहर दास ने बताया कि 8 जून को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन संबंधित बैठक इस्कॉन केंद्र में आयोजित की गई। जिसमें 5 जुलाई को निकलने वाले रथ यात्रा के सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में 5 जुलाई के रथ यात्रा का मार्ग निर्धारित किया गया। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शिव मारुति मंदिर, सामतपुर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,आदर्श मार्ग, स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर, गुरुद्वारा रोड, पीएचई ऑफिस, अंडर ब्रिज, स्मार्ट सिटी से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान में समाप्त होगी। रथ यात्रा लगभग 1 बजे से प्रारंभ होगी और रथ यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन,भक्तों के द्वारा नृत्य, महाप्रसाद वितरण होगा। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान रथयात्रा समापन कार्यक्रम में पहले भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग लगाया जाएगा। जिसके लिए स्थानीय निवासी भगवान जगन्नाथ के लिए सात्विक भोग जिसमें कच्चा भोजन और मिष्ठान इत्यादि जो कुछ भी वक्त भगवान को अर्पित करना चाहे ला सकते हैं। छप्पन भोग के पश्चात भगवान जगन्नाथ की आरती होगी और वरिष्ठ भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ की कथा, भजन कीर्तन एवं फिर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी। आयोजन के लिए सभी अनूपपुर एवं निकट के ग्रामों में वृहद रूप से प्रचार प्रसार किया जाएगा। 5 जुलाई की रथ यात्रा के लिए वृहद स्तर पर स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों से संपर्क कर सहयोग का आग्रह किया जा रहा है।

# गर्मियों में धूप से बचाव के लिए बाजार में बिक रही बांस की टोपियां

### पुराने दिनों की याद दिला रही बांस की टोपी, लोगों को आ रही पसंद

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।



गर्मी के महीने भीषण कठोर होते हैं। सूरज की किरणे बहुत तेज होती हैं और बाहर काम करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कई आदिवासी समुदायों के लोग धूप से बचने के लिए अलग अलग किस्म की टोपियां बनाते हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी शुरू हो गई है नौतपा की समाप्ति के बाद भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है, लेकिन लोगों को मजबूरी में घर से भी निकालना पड़ता है। रविवार को कोतमा में साप्ताहिक बाजार में ग्रामीण क्षेत्र से बास की टोपियां बिकने आई थी जिसकी कीमत 150 रुपए थी लेकिन उसके बाद भी लोगों को बास की टोपी काफी पसंद आ रही थी। लोगों को पुराने दिन याद आने लगे हैं। जब आदिवासी संस्कृति में लोग फिर से वापस जाना चाह रहे हैं जहां ग्रामीण धूप एवं पानी से बचने के लिए सिर पर बास की टोपी लगाकर घरों से बाहर निकल जाते थे और उस टोपी के सहारे दिनभर खेतों में काम करते थे एवं मवेशियों को चराते थे, लेकिन उन्हें धूप का एहसास बिल्कुल भी नहीं होता था गर्मी में भी उन्हें सिर में ठंडक का एहसास होता था। झापी नामक एक प्रकार की रंगीन टोपी बनाई जाती है। किसान अपने खेतों में काम करते समय इसे अपने सिर पर पहनते हैं। ठीक उसी तरह, छत्तीसगढ़ के आदिवासी अपने सिर पर शंकुधारी टोपी पहनते हैं। यह बांस से बना है और किसानों को धूप से बचाने में मदद करता है। कोतमा में साप्ताहिक बाजार रविवार को लगता है और ऐसे में बाजार में ग्रामीण क्षेत्र से आए दुकानदारों ने बांस की टोपी बनाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बांस शिल्प यानि बांस से बनी कलात्मक वस्तुएं। पहले के आदिवासी जंगल से बांस लाते थे लेकिन पिछले कुछ समय से जंगल से बांस इकट्ठा करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके कारण आज के युवा को बांस की कला नहीं आती है।

#### ऐसे बनती है बांस की टोपी

सबसे पहले टोपी बनाने के लिए इन्होने कुल्हाडी से 10 फीट का बांस लिया और उसे दो हिस्सों में काटा। एक हिस्सा 6 फ़ीट का है और दूसरा 4 फ़ीट का। 6 फ़ीट के बांस से वे दो टोपियाँ बना सकते है। चार फिट बांस जो बचा है उसे बाद में नरी बानाकर लगाते हैं। 6 फिट को दो भाग कर तीन-तीन फिट का बना दिया जाता है। फिर उस बांस को कुल्हाड़ी की मदद से फाड़ कर स्ट्रिप्स बना दिया जाता है। उसको फिर छुरी से सोटाइ करते हैं, जिसको स्थानीय भाषा में दिव्नी कहते हैं। उस दिव्नी को छुरी से पतला-पतला फाड़ कर सोटाइ किया जाता है जिसे नैरी कहते हैं। फिर उस नैरी से खोमरी टोपी बनाते हैं। इसमे दो खोमरी टोपी बनाना पड़ता है,पहला टोपी के ऊपर दूसरी वाली टोपी को लगाया जाता है। इसके अन्दर मे मोहलाइन के पत्ते बिछा दिया जाता है। इसके कारण बारिश के दौरान सिर गीला नहीं होता है। इस टोपी के पांच कोन बनता है। आदिवासियो के अनुसार ये टोपी हिरण के पीठ के डिजाईन जैसे दिखता है, इसलिए इस टोपी का नाम चीतल टोपी है। इस चीतल टोपी का उपयोग अधिकतर गाँव के बुजुर्ग लोग करते हैं। इसका उपयोग गर्मी और बरसात के दिनों में करते हैं। दुकानदारों ने बताया कि वह आज कोतमा नगर में बांस की गोली टोपी लेकर बिक्री करने आए हैं उन्होंने बताया कि यह टोपी कई तरह से उपयोगी है इससे मनुष्य का दिमाग भी स्थिर रहता है और यह धूप से भी बचाता है और सिर में ठंडक बनी रहती है ।

# जुलाई माह से जेईई एवं नीट की कोचिंग होगी प्रारंभ, तैयारियों के निर्देश

### समयावधि पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन आधार बनाने व आधार अपडेशन के कार्यों में अधिकारी स्वयं रुचि लेकर सिचुएशन की कार्यवाही सुनिश्चित करें आधार कैंप के माध्यम से आधार से संबंधित समस्याओं के निराकरण को सुनिश्चित कराया जाए जिससे किसी तरह की कोई दिक्कत भविष्य में नागरिकों को ना हो उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं विभागो के जिला प्रमुख आदि उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से आधार कैंप के अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि कैंपों का पर्याप्त प्रचार- प्रसार कैंप लगाए जाने के पूर्व सुनिश्चित किया जाए तथा कैंप की महत्ता के संबंध में नागरिकों का मोबिलाइजेशन किया जाए उन्होंने नोडल अधिकारियों की भूमिका तय कर प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त करने के भी निर्देश दिए उन्होंने आधार से संबंधित समस्याओं का निराकरण उक्त आधार कैंप में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कैंपों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मॉनिटरिंग व्यक्तिगत रूप से जनपद सीईओ व नगरीय निकायों के सीएमओ को करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आयुष्मान कार्ड के शेष पात्रता धारी लोगों के कार्ड बनाकर सिचुरेशन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए कैंपों आयोजन की तिथि निर्धारण के निर्देश दिए उन्होंने जनजाति कार्य विभाग की सहायक आयुक्त को धरती आबा अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

#### जेईई- नीट की कोचिंग होगी प्रारंभ

कलेक्टर ने जुलाई माह से जेईई एवं नीट की कोचिंग प्रारंभ करने की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के संबंध में जनजाति कार्य विभाग की सहायक आयुक्त को निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए हैं उन्होंने उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में समीक्षा करते हुए उक्ताशय के निर्देश दिए।

## आयोजित होगी जन जागरूकता गतिविधियां

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग के द्वारा नशा मुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस को दृष्टिगत रख जिले में मद्यपान, मादक पदार्थ एवं उनके द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवा, छात्र-छात्राओं, आम जन को अवगत कराकर उनमें जागरूकता लाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान गतिविधि कैलेंडर के अनुरूप गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिसके अंतर्गत 8 से 14 जून तक कला शिल्प गतिविधियां श्रेणी में चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, 15 से 21 जून तक जन जागरूकता कार्यशाला, सेमिनार, वेबीनार, स्कूल एवं कॉलेज में आयोजित करने तथा स्वस्थ हो चुके उपयोगकर्ताओं के साथ कार्यशाला, 22 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, वाहन रैली, नुक्कड़ नाटक आदि 22 से 26 जून तक डिजिटल सहभागिता के अंतर्गत शॉर्ट वीडियो एवं रील प्रतियोगिता व सोशल मीडिया अभियान हैशटैग, प्रश्नोत्तरी आदि जन जागरूकता कार्यक्रम तथा 26 जून को जिला स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के बैनर अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक के के सोनी ने दी है।

### आधार कार्ड बनवाने एवं सुधार के लिए लगेंगे शिविर

## 10, 11 एवं 12 जून को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अपडेशन शिविर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार नागरिकों के आधार कार्ड बनाने तथा अपडेशन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में शिविर लगाए जा रहे हैं नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प के आयोजन के प्रातः 10:00 से शायं 6:00 तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में शिविर आयोजन के तहत जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलई में 10 जून व मलगा में 11 एवं 12 जून को, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकोना में 10 जून व गोहन्ड्रा में 11 एवं 12 जून को, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगराटोला में 10 जून व सकरा में 11 एवं 12 जून को, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदापानी में 10 जून व बहपुर में 11 एवं 12 जून को, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 12 में 10 जून व वार्ड क्रमांक 13 में 11 एवं 12 जून को, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 02 में 10 जून व वार्ड नम्बर 03 में 11 एवं 12 जून को, नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 03 में 10 जून व वार्ड नम्बर 04 में 11 एवं 12 जून को, नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड नम्बर 12 में 10 जून व वार्ड नम्बर 13 में 11 एवं 12 जून को, नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर) के वार्ड नम्बर 12 में 10 जून व वार्ड नम्बर 13 में 11 एवं 12 जून को, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नं. 10 में 10 जून व डॉ. अब्दुल कलाम वार्ड 13 में 11 एवं 12 जून को, नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नम्बर 12 में 10 जून व वार्ड नम्बर 13 में 11 एवं 12 जून को, नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड 12 में 11 एवं 12 जून को, नगर परिषद डोला के वार्ड 12 में 10 जून व वार्ड 13 में 11 एवं 12 जून को आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नागरिकों से आधार बनवाने एवं सुधार कार्य का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# अमरकंटक के रामघाट में नर्मदा में जा रहा सीवर का गंदा पानी

### पवित्र नगरी की पवित्रता पर सवाल



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक की सीवर लाइन व्यवस्था पूरी तरह से अस्त व्यस्त है फल स्वरुप रामघाट के मुख्य प्रवेश स्थल पर संपूर्ण अमरकंटक नगर का गंदा बदबूदार पानी सीवर लाइन के चेंबर से निकालकर बाहर आ रहा है तथा उक्त बेहद गंदा बदबूदार पानी पास के बगल से नाली से सीधे नर्मदा नदी में जब मिल रहा है। सीवर लाइन के गंदा बदबूदार पानी का रिसाव विगत एक हफ्ते से हो रहा है इस गंदे पानी से चलकर पर्यटक तीर्थ यात्री भक्त श्रद्धालु तथा दर्शनार्थी घाट में स्नान ध्यान करने हेतु जाते हैं तथा इसी से वापस स्नान ध्यान डुबकी लगाकर शुद्ध पवित्र होकर वापस अपने वाहन में बैठकर अपने गंतव्य तथा पतित पावनी मां नर्मदा जी के मंदिर में दर्शन पूजन अर्चन के लिए जाते हैं। विगत 1 सप्ताह से पर्यटक तीर्थयात्री श्रद्धालु गण सुबह से ही रात्रि तक निरंतर नाक दबाकर तथा मुंह घुमा कर वहां से मजबूरन निकलने को विवश हो रहे हैं, लेकिन स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक के जिम्मेदार अब तक इस दिशा में कोई भी कार्यवाही ना कर कर अंजान बने बैठे हैं। छत्तीसगढ़ से आए भक्त श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों तथा दर्शनार्थियों ने टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रशासन कितना सजग एवं जागरूक है इसका जीता जागता उदाहरण दिख रहा है ऐसा सीवर लाइन के एक चैंबर से नहीं बल्कि दो चैंबरों से गंदा बदबूदार पानी बह रहा है । ऐसा नहीं है कि नगर परिषद अमरकंटक के सफाई कामगार या कर्मचारी वहां से ना आते जाते हो या जानबूझकर अन देखी की जा रही है। क्या स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक इस दिशा में तत्काल आवश्यक एवं ठोस कार्यवाही कर कर सीवर लाइन देख रहे लोगों को इस दिशा में कार्यवाही हेतु निर्देशित करेगा। जिला प्रशासन से इस दिशा में त्वरित कार्यवाही कराने की अपेक्षा बाहर से आए दर्शनार्थियों तीर्थ यात्रियों ने की है।

## हरिभूमि की खबर पर चौकन्नी हुई कोतमा पुलिस ने की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** दैनिक हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 हाईवे के किनारे अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है होटल में बैठकर शराब परोसी जा रही है साथ ही हाईवे के किनारे शाम होते ही सड़कों पर बैठकर जाम छलकते नजर आते हैं समाचार को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला शुक्ला के द्वारा थाना अंतर्गत अवैध शराब विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कार्यवाही की गई है। रविवार की रात को हाइवे रोड के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले आरोपी हरिलाल जायसवाल निवासी जर्राटोला के कब्जे से 6 लीटर शराब कीमती 900 रुपए को जप्त करते हुए 34 ए आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार आसपास ही पांच लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के तहत कार्यवाही करते हुए शराब जप्त कर कार्यवाही की गई है।

## दूसरे प्रांतों से आकर असामाजिक गतिविधियों को दे रहे अंजाम

### श्रमिक कॉलोनी में अवैध कब्जा यानि परेशानी का सबब



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** एसईसीएल जमुना कोतमा एरिया में श्रमिक कॉलोनी में अवैध कब्जा एक बड़ी परेशानी का कारण बन चुका है। इस अवैध कब्जे को हटाने के लिए कॉलरी प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। एसईसीएल एरिया के श्रमिक कॉलोनी अंतर्गत लहसुई कैंप, गोविंदा कालरी, जमुना, भालूमाडा, बदरा, आमाडांड कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी में बड़ी संख्या में अवैध कब्जे हो गए हैं। वहीं कुछ कॉलोनी में कालरी के आवासों में अवैध गतिविधियां भी संचालित होने को लेकर कई मामले सामने आ चुके हैं। पूर्व में भी अवैध कब्जे को लेकर भारी विवाद के बाद थाने तक मामला पहुंच गया था। कालरी आवासों में निवासरत श्रमवीरों के द्वारा महाप्रबंधक से कालरी के क्वार्टर में अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ हटाए जाने की मांग की गई है। बता दें कि गोविंदा लहसुई कैंप जमुना भालूमाड़ा कालरी कालोनी मे दूसरे प्रांतों से आकर लोग कालरी के खाली पड़े आवासों मे कब्जा करते हुए असामाजिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। पूर्व में जमुना कॉलोनी के क्वार्टर से मुंबई एटीएस पुलिस के द्वारा एक शूटर को गिरफ्तार भी किया था । उसके बावजूद कालरी प्रबंधन एवं प्रशासन की लापरवाही के कारण खाली पड़े आवासों का निरीक्षण नहीं किया जाता है जिसके कारण खाली पड़े कमरों में कब्जा करते हुए कई प्रकार के असामाजिक गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। नागरिकों ने कालरी प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन से ऐसे खाली पड़े आवासों का निरीक्षण करवाते हुए असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई जाने की मांग की है। कालरी के खाली पड़े आवासों में प्राइवेट व्यक्तियो के द्वारा निवास करते हुए मुफ्त बिजली पानी आवास की सुविधा ले रहे हैं वहीं श्रमवीर आवास के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं। पिछले माह यूनियन की शिकायत पर प्रबंधन के द्वारा चेकिंग अभियान चलाते हुए अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाए जाने पर लाइन काटने के साथ ही विद्युत के तार जप्त किए थे साथ ही कुछ कर्मचारी पर कार्यवाही की गाज भी गिरी थी लेकिन फिर से वह ठंडा बस्ती में चला गया है।